प्रेस को सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 66/ 2025)
भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
https://www.trai.gov.in
नई दिल्ली, 30 जुलाई 2025

**तत्काल प्रकाशन हेतु**

**तमिलनाडु लाइसेंस सेवा क्षेत्र के तहत तमिलनाडु राज्य में कोयंबटूर शहर और उसके आस-पास के क्षेत्रों में नेटवर्क की गुणवत्ता का आकलन किया गया**

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भा.दू.वि.प्रा.) ने जून 2025 के महीने में कोयंबटूर शहर के व्यापक शहर मार्गों को कवर करते हुए तमिलनाडु लाइसेंस सेवा क्षेत्र (LSA) के लिए अपने स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) निष्कर्ष जारी किए। भा.दू.वि.प्रा. क्षेत्रीय कार्यालय, हैदराबाद की देखरेख में किए गए ड्राइव टेस्ट, विभिन्न उपयोग परिवेशों- शहरी क्षेत्रों, संस्थागत हॉटस्पॉट, ग्रामीण आवासीय क्षेत्रों आदि में वास्तविक दुनिया के मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन को कैप्चर करने के लिए डिज़ाइन किए गए थे।

**24 जून 2025 से 27 जून 2025** के बीच, भा.दू.वि.प्रा. की टीमों ने 409.7 किलोमीटर सिटी ड्राइव टेस्ट, 4.3 किलोमीटर वॉक टेस्ट और 8 हॉटस्पॉट स्थानों पर विस्तृत परीक्षण किए। मूल्यांकन की गई तकनीकों में 2G, 3G, 4G और 5G शामिल हैं, जो कई तरह की हैंडसेट क्षमताओं वाले यूज़रों के सेवा अनुभव को दर्शाते हैं। स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) के निष्कर्षों को संबंधित सभी टीएसपी को सूचित कर दिया गया है।

**मूल्यांकन किए गए मुख्य मापदंड:**

a) ***वॉयस* सर्विसेज**: कॉल सेटअप सफलता दर (CSSR), ड्रॉप कॉल दर (DCR), कॉल सेटअप टाइम, कॉल साइलेंस दर, *वॉयस गुणवत्ता* (MOS), और कवरेज *(%)- सिगनल स्ट्रेंथ*।

b) **डेटा सेवाएँ**: डाउनलोड/अपलोड थ्रूपुट, लेटेंसी, जिटर, पैकेट ड्रॉप दर और वीडियो स्ट्रीमिंग में देरी।

कोयंबटूर शहर में समग्र मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन का सारांश नीचे दिया गया है:


**कॉल सेटअप सफलता दर** - एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल की ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में क्रमशः 100.00%, 90.71%, 99.85% और 99.55% की कॉल सेटअप सफलता दर *है*।


**ड्रॉप कॉल दर** - एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल में ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में क्रमशः 0.15%, 3.04%, 0.15% और 0.15% की ड्रॉप कॉल दर है।

**5G डेटा सेवाएं:** 278.51 एमबीपीएस का अधिकतम औसत डाउनलोड थ्रूपुट और 34.68 एमबीपीएस का अपलोड थ्रूपुट।

**सेवा गुणवत्ता के प्रमुख मापदंडों के विरुद्ध प्रदर्शन:**
**CSSR**: कॉल सेटअप सफलता दर (% में), **CST**: कॉल सेटअप समय (सेकंड में), **DCR**: ड्रॉप कॉल दर (% में) और **MOS**: *वॉयस गुणवत्ता*

कोयंबटूर शहर में, मूल्यांकन में थुडियालूर, गौंडर मिल्स, सेल्वापुरम, कोवैपुदुर, मालुमिचम्पट्टी, पोदनूर, कल्लापलायम, इरुगुर, अरासुर, कालापट्टी, गणपति और सोवरी पलायम आदि के क्षेत्र शामिल थे। भा.दू.वि.प्रा. ने i) कोयंबटूर हवाई अड्डा, ii) जिला कलेक्टर कार्यालय, iii) गांधीपुरम बस स्टैंड, iv) ईशा फाउंडेशन, v) पेरूर पटेश्वर स्वामी मंदिर, vi) PSG अस्पताल, vii) SEZ- सरवनमपट्टी, viii) शांति सोशल सर्विस (SSS) में भी वास्तविक दुनिया की स्थितियों का आकलन किया, ताकि स्थिर उपयोगकर्ता अनुभव को दर्शाया जा सके।




**सारांश-वॉइस सेवा**

**कॉल सेटअप सफलता दर:** एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल की ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में क्रमशः 100.00%, 90.71%, 99.85% और 99.55% की कॉल सेटअप सफलता दर है।

**कॉल सेटअप समय:** एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में क्रमशः 1.17, 4.51, 0.75 और 1.64 सेकंड का कॉल सेटअप समय है।

**ड्रॉप कॉल रेट:** एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल में ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में क्रमशः 0.15%, 3.04%, 0.15% और 0.15% की ड्रॉप कॉल दर है।

**कॉल साइलेंस/म्यूट रेट: पैकेट स्विच्ड नेटवर्क (4G/5G) में** एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल की साइलेंस कॉल दर क्रमशः 0.00%, 4.49%, 0.00% और 1.13% है।

**मीन ओपिनियन स्कोर (MOS):** एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का औसत MOS क्रमशः 4.04, 3.48, 3.96 और 4.38 है।

**सारांश-डेटा सेवा**

**डेटा डाउनलोड प्रदर्शन (कुल मिलाकर):** एयरटेल (5G/4G) की औसत डाउनलोड गति 174.22 एमबीपीएस है, बीएसएनएल (4G/3G/2G) 6.03 की एमबीपीएस है, आरजेआईएल (5G/4G) की 278.51 एमबीपीएस है और वीआईएल (4G/2G) की 34.47 एमबीपीएस है।

**डेटा अपलोड प्रदर्शन (कुल मिलाकर):** एयरटेल (5G/4G) की औसत अपलोड गति 34.68 एमबीपीएस है, बीएसएनएल (4G/3G/2G) की 4.61 एमबीपीएस है, आरजेआईएल (5G/4G) की 26.92 एमबीपीएस है और वीआईएल (4जी/2जी) की 13.95 एमबीपीएस है।

**डेटा प्रदर्शन - हॉटस्पॉट (एमबीपीएस में):**

एयरटेल- 4G D/L: 22.17 4G U/L: 5.53
5G D/L: 220.50 5G U/L: 25.01
बीएसएनएल- 4G D/L: 7.00 4G U/L: 7.68
आरजेआईएल- 4G D/L: 55.36 4G U/L: 12.01
5G D/L: 214.85 5G U/L: 17.59
वीआईएल- 4G D/L: 29.01 4G U/L: 12.64

नोट- "D/L" डाउनलोड स्पीड, "U/L" अपलोड स्पीड

परीक्षण वास्तविक समय के वातावरण में भा.दू.वि.प्रा. द्वारा सुझाए गए उपकरण और मानकीकृत प्रोटोकॉल का उपयोग करके किए गए थे। विस्तृत रिपोर्ट ट्राई की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध है। किसी भी स्पष्टीकरण/जानकारी के लिए, श्री बी. प्रवीण कुमार, सलाहकार (क्षेत्रीय कार्यालय, हैदराबाद), भा.दू.वि.प्रा. से ईमेल: adv.hyderabad@trai.gov.in पर या दूरभाष नंबर+91-40-23000761 पर संपर्क किया जा सकता है।

अतुल चौधरी 30/7/25

**(अतुल कुमार चौधरी)**
**सचिव, भा.दू.वि.प्रा.**